Padma Bhushan



Dr. Swapan Dasgupta

Dr. Swapan Dasgupta is one of India's foremost media professionals and public intellectuals. A columnist for many leading publications and a regular panelist on television, he is an influential voice in debates on public policy. A historian by training, he has been a bridge linking the academic with the popular.

2. Born on October 3, 1955 in Kolkata, Dr Dasgupta attended La Martiniere College (Kolkata) and graduated from St. Stephen's College, Delhi. He completed his post-graduate and doctoral studies from School of Oriental & African Studies, University of London, and was subsequently elected Research Fellow of Nuffield College, University of Oxford.

3. Dr. Dasgupta has been a media professional, serving different organisations in senior positions, since 1985. At different times he was the Managing Editor of India Today and Deputy Editor of Indian Express. Specialising in opinion writing, his wide-ranging articles on Indian and global politics, the economy, foreign relations and culture have been published in both India and overseas. He has lectured on public affairs at universities, research institutes and think tanks in India, UK and Australia.

4. Dr. Dasgupta has been associated with various academic and professional bodies. He is a Distinguished Fellow of the Australia- India Institute, University of Melbourne, and among the Board of Advisers of Swarajya. From 1999 to 2004, he was a member of the India-UK Roundtable and in 2014 he was nominated a director of Larsen & Toubro Ltd.

5. Dr. Dasgupta was honoured with the Kesri Award in 2013 for a lifetime contribution to the media. Indian Express listed him among the 10-most influential columnists in India.



डॉ. स्वपन दासगुप्ता

डॉ. स्वपन दासगुप्ता, भारत के मुख्य मीडिया व्यवसायियों और लोक बुद्धिजीवियों में से एक हैं। आप कई अग्रणी प्रकाशनों के स्तम्भकार और टेलिविज़न पर एक नियमित पैनेलिस्ट हैं। आप लोक नीतियों सम्बन्धी चर्चाओं में प्रभावशाली ढंग से विचार व्यक्त करते हैं। आप अपेक्षित प्रशिक्षण से सम्पन्न उल्लेखनीय इतिहासकार के रूप में शैक्षणिक एवं लोकप्रिय विषयों को जोड़ने वाले सेतु रहे हैं।

2. आपका जन्म अक्तूबर 03, 1955 को कोलकाता में हुआ और आपने ला मार्टिनिइर कॉलिज (कोलकाता) में पढ़ाई की और सेंट स्टीफन्स कॉलिज, दिल्ली से ग्रेजुएशन किया। आपने ओरिएण्टल एंड अफ्रीकन स्टडीज़ स्कूल, लंदन विश्वविद्यालय से पोस्ट-ग्रेजुएशन एवं डॉक्टरल अध्ययन पूरा किया और उसके बाद आपको न्यूफील्ड कॉलिज, यूनिवर्सिटी ऑव ऑक्सफोर्ड के रिसर्च फेलो के रूप में चुना गया।

3. आप मीडिया व्यवसायी रहे हैं और वर्ष, 1985 से विभिन्न संगठनों में वरिष्ठ पदों पर कार्य करते आ रहे हैं। आप कई बार इंडिया टुडे के मैनेजिंग एडीटर और इंडियन ऐक्सप्रेस में उप सम्पादक रहे हैं। आप रायशुमारी के लेखन में विशेषज्ञता रखते हैं एवं भारतीय तथा वैश्विक राजनीति, अर्थशास्त्र, विदेश संबंध तथा संस्कृति से संबंधित विषयों पर आपके विस्तृत लेखों को भारत और विदेशों में प्रकाशित किया गया है। आपने भारत, यू.के. और ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों, अनुसंधान-संस्थानों और थिंक टैंकों में सार्वजनिक हितों से जुड़े मामलों पर व्याख्यान दिए हैं।

4. आप विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक निकायों से संबद्धित रहे हैं। आप ऑस्ट्रेलिया-इंडिया इंस्टीट्यूट, मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित फेलो और स्वराज्य सलाहकार बोर्ड में रहे हैं। वर्ष, 1999 से 2004 तक आप इंडिया-यू.के. राउण्डटेबल के सदस्य रहे और वर्ष, 2004 में आप लार्सन एण्ड टूब्रो लि. के निदेशक नामित किए गए।

5. आपको मीडिया के प्रति अपने जीवनपर्यंत योगदान के फलस्वरूप वर्ष, 2013 में केसरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इंडियन एक्सप्रेस ने आपको भारत में 10 सर्वाधिक प्रभावशाली स्तम्भकारों की सूची में शुमार किया है।